**20/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, ने बैठक की अध्यक्षता की जिसमें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन बैठक में शामिल हुए। मानसून सत्र कल से 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान, दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। इस दौरान जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

>>Byte<<

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएँगे। पहले चरण में, प्रधानमंत्री अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर के निमंत्रण पर 23 से 24 जुलाई तक यूके की यात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर प्रधानमंत्री स्टारमर के साथ व्यापक चर्चा करेंगे। वे क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर इस महीने की 25 तारीख से मालदीव की दो दिवसीय यात्रा पर जाएँगे। वे मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे।

0000000000000000000

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मामले में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो-एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट से किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। अंतिम रिपोर्ट आने तक दुर्घटना को लेकर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से 10 नई वाणिज्यिक उड़ानों का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने पश्चिमी मीडिया की निंदा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह के लेख प्रकाशित करने के प्रयास हो रहे है, उनमें उनके हित छुपे हो सकते हैं। श्री नायडू ने भारत में ही ब्लैक-बॉक्स डिकोड करने के लिए विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना की।

00000000000000000000

भारत, मलेरिया से बचाव के लिए स्वदेशी टीका **एडफाल्सीवैक्स** विकसित कर रहा है। यह टीका मच्छरों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने और इसे अन्य लोगों में फैलने से रोकने में कारगर होगा। इसे मलेरिया के लिए ज़िम्मेदार दो सबसे घातक परजीवियों- **प्लाज्मोडियम** और **फैल्सिपारम** के निदान के लिए खासतौर से विकसित किया गया है। इस टीके का विकास **भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद** द्वारा **राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान** के **जैव प्रौद्योगिकी विभाग** के साथ मिलकर किया जा रहा है।

00000000000000000

सेना, 'ऑपरेशन सिंदूर' के किशोर योद्धा, पंजाब के फिरोजपुर के 10 वर्षीय स्वर्ण सिंह की सभी शैक्षिक ज़रूरतें पूरी करेगी। मास्टर स्वर्ण सिंह ने ऑपरेशन के दौरान इस सीमावर्ती जिले में अपने खेतों में तैनात सेना के जवानों को दिन-रात खाने-पीने की चीज़ें उपलब्ध कराई थीं। आज फिरोजपुर छावनी में, पश्चिमी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मास्टर स्वर्ण को सम्मानित किया। सेना का गोल्डन ऐरो डिवीजन स्वर्ण सिंह और उनके माता-पिता को पहले ही सम्मानित कर चुकी है।

0000000000000000000000

शिलोंग स्थित पूर्वोत्तर परिषद के सचिव सतिंदर कुमार भल्ला ने कल जीरो वैली में एन ई सी द्वारा वित्त पोषित विभिन्न परियोजना स्थलों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य एन ई सी समर्थित परियोजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन और प्रभाव का आकलन करना था।

दौरे के दौरान श्री भल्ला ने रान्न पोल्यांग में पोतिन-पांगिन सड़क (एन एच-13) पर सिग्नेचर व्यू पॉइंट के विकास, kwui (पाइन ग्रूप) में कीवी बाग की स्थापना और म्योलयांग में वैज्ञानिक सुअर प्रजनन इकाइयों की प्रगति का निरीक्षःण किया। इस दौरान सचिव ने खेती, सुअर पालन विकास और इको-टूरिज्म में सक्रिय रुप में लगे लाभार्थी किसानो और स्वयं सहायता समूहों से बातचीत भी की।

00000000000000000000

स्थानीय विधायक, रोढे बुई ने कल दुमपोरिजो में बालिका छात्रावास और टिचर्स क्वाटर्स के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दुमपोरिजो क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी दौरा किया। इस दौरान, विधायक बुई ने सभी आवश्यक बुनियादी ढाँचे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने अभिभावकों, बुद्धिजीवियों और समुदाय-आधारित संगठनों से स्कूल में नामांकन बढ़ाने और क्षेत्र की शैक्षणिक नींव को मजबूत करने में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, ईटानगर में कल तागिन भाषा पर एक दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में आई पी आर मंत्री न्यातो दुकम, विधायक तानिया सोकी, तागिन सांस्कृतिक सोसायटी के अध्यक्ष लारजी रिगिया और अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, तागिन सांस्कृतिक सोसायटी के अध्यक्ष लारजी रिगिया ने स्थानीय लोगों से अपनी भाषा को विलुप्त होने से बचाने का आग्रह किया। तागिन सांस्कृतिक सोसायटी के तत्वावधान में इस प्रशिक्षण का आयोजन तागिन भाषा अनुसंधान एवं विकास संस्था द्वारा आयोजित किया गया था।

000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग और कुरुंग-कुमे जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आई एम डी ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश की संभावना भी व्यक्त की है। इसके अलावा, राज्य के सोलह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।